# स्टार्टअप, उद्यमिता, स्वयं सहायता समूहों व कारीगरों को स्वरोजगार का मिला मार्गदर्शन



**श्रावस्ती (भास्कर ब्यूरो)।** ट्यूलिप होटल श्रावस्ती में सोमवार को एक कार्यशाला का आयोजन किया गया। जिसका उद्देश्य युवाओं, नव प्रवर्तकों, स्टार्टअप्स, स्वयं सहायता समूहों, कारीगरों एवं इच्छुक उद्यमियों को उद्यमिता, नवाचार एवं स्वरोजगार के अवसरों से जोड़ना रहा। कार्यक्रम में जनप्रतिनिधियों एवं वरिष्ठ अधिकारी मौजूद रहे। कार्यक्रम का शुभारंभ अध्यक्ष जिला पंचायत दद्दन मिश्रा, श्रावस्ती विधायक राम फेरन पाण्डेय ने दीप प्रज्ज्वलित कर किया। सीडीओ शाहिद अहमद, ई-डिसट्रिक्ट मैनेजर शरद श्रीवास्तव सहित विभिन्न विभागों के जिला स्तरीय अधिकारी मौजूद रहे। इसके अतिरिक्त आपदा विशेषज्ञ अरुण मिश्रा, पीडी डीआरडीए, विभिन्न महाविद्यालयों के प्राचार्यगण, प्रगतिशील किसान, एनआरएलएम समूहों की महिलाएं, महाविद्यालयों के छात्र-छात्राएं, उद्यमी एवं बड़ी संख्या में युवा प्रतिभागियों ने सहभागिता की। प्रतिभागियों ने विशेषज्ञों के साथ संवाद स्थापित करते हुए विभिन्न

## • श्रावस्ती के युवाओं के लिए अवसरों का महाकुंभ

योजनाओं, स्टार्टअप अवसरों एवं स्वरोजगार से संबंधित जानकारी प्राप्त की। कार्यशाला में भारत सरकार एवं विभिन्न संस्थानों से आए विशेषज्ञों द्वारा उद्यमिता एवं स्टार्टअप से संबंधित महत्वपूर्ण जानकारियां साझा की गईं। डीपी आइआईटी, भारत सरकार से ऋत्विक एवं रवि, स्ट्रेनअप से प्रशांत रंजन, ओडीओपी, भारत सरकार से इशदीप सिंह एवं हरप्रीत, आईआईएम लखनऊ से निखिल भट्ट तथा स्टार्टअप विशेषज्ञ राहुल चौधरी द्वारा तेजस पहल, स्टार्टअप इकोसिस्टम, सरकारी योजनाओं, नवाचार, वित्तीय सहायता, विपणन एवं उद्यम स्थापना से संबंधित विषयों पर विस्तृत जानकारी प्रदान की गई।